प्रतिदर्श प्रश्नपत्र सत्र 2021-22

मनोविज्ञान

समय: 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक:100**

नोट: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या 2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय जिनका उत्तर प्रत्येक एक वाक्य में देना है। प्रश्न संख्या 7 से 12 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 13 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 19 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. निम्नलिखित प्रश्न बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। आप को सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में ठीक-ठीक प्रश्न संख्या डाल कर लिखना है।

(क) सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारक है:- 01

(i) आयु

(ii) परिपक्वता

(iii) स्वास्थ्य

(iv) उपर्युक्त सभी

(ख) शारीरिक लक्षणों के आधार पर व्यक्तित्व का वर्गीकरण किया है:- 01

(i) आलपोर्ट ने

(ii) क्रेशमर ने

(iii) फ्रायड ने

(iv) युंग ने

(ग) ध्वनि प्रदूषण के कारण उत्पन्न हो सकता है:- 01

(i) अस्थमा

(ii) उक्त रक्तचाप

(iii) पीलिया

(iv) मधुमेह

(घ) चित्र कथानक परीक्षण (T.A.T) व्यक्तित्व मापन की कैसी विधि है- 01

(i) प्रक्षेपण विधि

(ii) निरीक्षण विधि

Downloaded from cclchapter.com

(iii) वाक्य-पूर्ति विधि

(iv) प्रश्नावली विधि

(ङ) निम्नलिखित में से कौन सी आपदा प्राकृतिक नहीं हैः- 01

(i) भूकम्प

(ii) साम्प्रदायिक दंगा

(iii) बाढ़

(iv) सूखा

निश्चित उत्तरीय प्रश्न

2. व्यक्तित्व के विकास के लिए उत्तरदायी दो मुख्य कारक कौन कौन से हैं? 1/2+1/2
3. संतुलित व्यक्तित्व की दो विशेषताएं लिखिए। 1/2+1/2
4. शाब्दिक परीक्षण से आप क्या समझते हैं? 01
5. वायु प्रदूषण के दो मुख्य कारण लिखिए। 1/2+1/2
6. प्रथम बुद्धि परीक्षण का निर्माण किसने किया था? 01

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

7. 'सीखने के पठार' से क्या तात्पर्य है? चित्र बना कर स्पष्ट कीजिए। 2+2
8. न्यूरॉन किसे कहते हैं? न्यूरॉन का नामांकित चित्र बनाइए। 2+2
9. स्मृति की अनुकूल परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। 04
10. व्यक्तिगत तथा सामूहिक परीक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 04
11. 'पूर्वाग्रह' से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। 04
12. 'बुद्धि' को परिभाषित कीजिए। बुद्धि-लब्धि ज्ञात करने का सूत्र लिखिए। 2+2

लघु उत्तरीय प्रश्न

13. सीखने में दर्पण लेखन सम्बन्धी प्रयोग लिखिए। 06
14. अनावृष्टि (सूखा) के दुष्परिणामों का उल्लेख कीजिए। 06
15. समूह तनाव के कारणों पर प्रकाश डालिए। 06
16. अन्तर्मुखी तथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 06
17. स्मृति से आप क्या समझते हैं? स्मृति के प्रकार लिखिए। 3+3
18. विस्मरण के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालिए। 06

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

19. प्राचीन अनुबन्ध सम्बन्धी पैवलॉव के प्रयोग एवं अधिगम प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। 5+5

अथवा

नैमित्तिक अनुबन्ध को विस्तार से समझाइ। 10

20. व्यक्तिगत परीक्षण से आप क्या समझते हैं? व्यक्तित्व परीक्षण की प्रक्षेपण विधि का वर्णन कीजिए। 3+7

Downloaded from cclchapter.com

अथवा

यक्तिगत बुद्धि परीक्षण से आप क्या समझते हैं? भाटिया बैटरी बुद्धि परीक्षण पर प्रकाश डालिए। 3+7

21. पर्यावरणीय प्रदूषण से क्या आशय है? इसके सामान्य कारणों का वर्णन कीजिए। 4+6

अथवा

“मानव व्यवहार को पर्यावरणीय प्रदूषण प्रभावित करता है।” इस कथन को स्पष्ट करते हुए वायु प्रदूषम के मानव व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन कीजिए। 4+6

Downloaded from cclchapter.com